राजस्थान पत्रिका patrika.com
उदयपुर, गुरुवार, 21 जुलाई, 2022

परिवार में ही बच्चों का विकास संभव

फोस्टर केयर सोसायटी की बैठक में चर्चा करते हुए।

उदयपुर @ पत्रिका. फोस्टर केयर सोसायटी ने यूनिसेफ के सहयोग से पोषक परिवारों के साथ संवर्धनम् कार्यक्रम हुआ। बतौर अतिथि यूनिसेफ भारत की राष्ट्रीय प्रतिनिधि सोलेडेड हेरेरो, विशेषज्ञ बाल संरक्षण संजय निराला, संभागीय सलाहकार बाल संरक्षण सिंधु बिनुजीत, बाल कल्याण समिति अध्यक्ष धुरुव कुमार कविया, सदस्य जिग्नेश दवे, राजीव मेघवाल, सुरेश चन्द्र शर्मा मौजूद थे। सोसायटी अध्यक्ष डॉ. शिल्पा महता ने सोसायटी के कार्यों की जानकारी दी। बताया कि उदयपुर प्रदेश में पहले स्थान पर है, जहां फोस्टर केयर के तहत 20 बच्चों को परिवार आधारित देखभाल से जोड़ा गया। युनिसेफ भारत की राष्ट्रीय प्रतिनिधि ने कहा कि पहली बार हर काम में चुनौतियां आती है, लेकिन अडिग रहें, अच्छा कार्य करते रहे। सोसायटी के अनुराग महता, कुसुम पालीवाल, डॉ. सीमा सुखवानी, मोहन, भाग्यश्री, वृषमन्यु, मौली की मौजूदगी रही। संचालन अनुराधा राय ने किया।